राज्यपाल सचिवालय

लोकभवन राजस्थान

राज्यपाल श्री बागडे ने किया साई मंदिर का शुभारम्भ

जयपुर/अजमेर 18 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को पुष्कर स्थित साईदत्त विकास साईधाम मंदिर के विकास कार्यों का विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया। साईदत्त विकास साईधाम के संस्थापक श्री विकास रूणवाल ने ट्रस्ट द्वारा करवाए विकास कार्यों से अवगत कराया। इसके साथ केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री भागीरथ चौधरी ने भी पूजा की।

राज्यपाल ने पूर्ण विधि विधान के साथ सांई मंदिर गर्भगृह में पूूजा कर मंदिर का शुभारम्भ किया। उन्होंने मुख्य मंदिर में पूजा करने के पश्चात परिसर स्थित अन्य मंदिरों में भी पूजा की। चावड़ी मंदिर तथा द्वारका माई श्री सांई बाबा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके साथ-साथ नवग्रह मंदिर तथा 24 तीर्थंकर मंदिर को नमन किया। श्री गणेशए दुर्गा माताए लक्ष्मी माताए सरस्वती माताए विट्ठल रूक्मणीए राधाकृष्ण मंदिर में भी पूजा करने के पश्चातए 11 मुखी हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में शीश नवाया।

श्री बागडे ने बाद में कहा कि पुष्कर क्षेत्र में सांई मंदिर के साथ अन्य देवी देवता मंदिरों की स्थापना से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पुष्कर में पूर्व के केन्द्रों के साथ यह भी नवीन पर्यटन केन्द्र विकसित होने से आगन्तुकों को आकर्षित करेगा। इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में वृद्वि होगी।

उन्होंने आगंतुकों को पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से वर्षा की मात्रा बढ़ेगी। इससे किसानों को लाभ होगा। इसका प्रभाव देश के उत्पादन तथा आर्थिक तंत्र पर सकारात्मक रूप से पडेगा।

.....

श्रध्दा
सबुरी